दिनांक 5 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

'शौर्य स्मारक' शहीद पार्क भिलाई का 80 फीसदी कार्य पूर्ण जल्द सीएम भूपेश बघेल करेंगे जनता को समर्पित-देवेंद्र यादव

देश की सबसे ऊंची शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है

भिलाई नगर/ आज सुबह भिलाई नगर विधायक व महापौर श्री देवेंद्र यादव ने एमआईसी सदस्य नीरज पाल के साथ सेक्टर 5 स्थल निरीक्षण पर पहुंचे। जहाँ शौर्य स्मारक का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कार्य का निरीक्षण करने के लिए महापौर सुबह 7 बजे पहुंचे। जहां महापौर श्री यादव ने पूरे निर्माण कार्य स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जल्द ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकार्पण कर भिलाई की जनता को 'शौर्य स्मारक' को देश की जनता को समर्पित करेंगे। जो देश में अनूठा होगा। यहाँ शहीद भगत सिंह की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई जाएगी। माना जा रहा है कि जो पूरे विश्व मे शाहिद भगत सिंग की सबसे बड़ी मूर्ति होगी। जिसका निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। भिलाई महापौर देवेंद्र यादव को एमआईआई मेंबर नीरज पाल ने बताया कि काम तेजी से चल रहा है और जल्द ही पूरा हो जाएगा! सिविक सेंटर के पास स्थित इस तालाब में लोग परिवार सहित घूमने आएंगे। साथ ही शहीद भगत सिंह की प्रतिमा युवाओं को प्रेरित करते रहेगी। युवाओं को देश भक्ति और शाहिदो की कुर्बानियों की याद दिलाती रहेगी। गौरतलब है कि भिलाई के युवा महापौर देवेंद्र यादव शहीद भगत सिंह के अनुयायी है , उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते है। इसलिए महापौर युवाओं को उनकी कुर्बानी की याद दिलाते रहने के लिए उनकी मूर्ति स्थापित करने की मंशा थी। इसलिए ये उनकी महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस कारण महापौर श्री यादव लगातार निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। इस